दिनाँक : 11 मार्च, 2025

श्री मेहुल मेहता जी
प्रधान
फैडरेशन ऑफ पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया
मुम्बई

विषय : उपाध्यक्ष रिपोर्ट

मान्यवर महोदय,

सर्वप्रथम मैं अपनी ओर से फैडरेशन के प्रति हृदय की गहराईयों से धन्यवाद व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझे फैडरेशन के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी।

यह मेरा परम सौभाग्य है कि आपने मुझे छह एसोसिएशनों का कार्यभार दिया जिसमें दिल्ली, राजस्थान, देहरादून, आगरा, नोएडा तथा मेरठ शामिल हैं।

अध्यक्ष महोदय मैं अभी तक के कार्यकाल में किए गए कुछ कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से संलेखित कर रहा हूँ तथा आशा करता हूँ कि ये कार्य आपकी आशा के अनुरूप होंगेः–

**1. FPTA KYM अभियान में सहभागिताः–**

FPTA KYM के प्रति जागरूक करने के लिए मैने अपने Jurisdiction में आने वाली सभी एसोसिएशन को समय–समय पर समर्पक करते हुए उन्हें शेष FPTA KYM form भरवा कर भेजने के लिए प्रेरित किया व दिल्ली एसोसिएशन के सभी शेष Life/Patron मैम्बर्स को पत्र व्यवहार व दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क किया।

2. Jurisdiction के अन्तर्गत आने वाली सभी एसोसिएशन से समय–समय पर सम्पर्कः–

मैने अपने Jurisdiction में आने वाली सभी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से समय–समय पर सम्पर्क किया।

**3.** पेपर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन दिल्ली के द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण :–

**A. ASSISTANT COMMISSIONER (CENTRAL GST) के साथ बैठक :–**

पेपर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में Sh. Sanjay Kumar Bansal Ji (ASSISTANT COMMISSIONER, CENTRAL GST, Old Delhi Division) के साथ दिनाँक 24–09–2024 को एसोसिएशन के कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्यगण एवं गणमान्य सदस्यगण सम्मिलित हुये। विचार गोष्ठी में जीएसटी से सम्बन्धित आ रही समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया व इस संदर्भ में एक ज्ञापन भी उन्हें संप्रेषित किया गया। माननीय महोदय ने सकारात्मक रूप से समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन दिया।

**B. <u>दिवाली मंगल मिलन का आयोजन – 2024 :–</u>**

''दिवाली मंगल मिलन'' का भव्य समारोह बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ शनिवार, दिनाँक 26–10–2024 को Hotel Seven Seas, Sector-3, Rohini, New Delhi में आयोजित किया गया। इस पारिवारिक आयोजन का परंपरागत शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया।

दिवाली मंगल मिलन का मुख्य आकर्षण महिलाओं व बच्चों के लिये भी लक्की ड्रा रहा जिसकी कार्यविधि महिलाओं एवं बच्चों द्वारा ही संचालित की गई, दोनों में ही पाँच लक्की ड्रा निकाले गये साथ ही साथ सुप्रसिद्ध गायिका – शिबानी कश्यप द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुति एवं सदस्यों द्वारा फैशन शो भी मुख्य आकर्षण रहा। सभी आयुवर्ग के लिये Game Zone की व्यवस्था रही, जिसका सभी ने भरपूर आनन्द लिया।

**C. <u>साईबर जालसाजी से बचाव के प्रति जागरूकता :–</u>**

समय समय पर सदस्यों को सूचित किया गया कि अगर उनको अनजाने नंबरों से पुलिस, सी0 बी0 आई0, कस्टम या जज के विडियो या ऑडियो कॉल आते हैं तो राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 या cybercrime.gov.in पर शिकायत करें। साईबर अपराधी रोज नए तरीके और तकनीक से ठगी कर रहे हैं। अब वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) का इस्तेमाल कर नकली आवाज या नकली वीडियो से भी ठगी कर रहे हैं।

**साईबर जालसाजी से बचने के लिए सदस्यों को सलाह दी गईः–**

- जिनकी आवाज फोन पर सुनाई दे रही है उनके असली नंबर पर संपर्क करें
- पैसे मांगने पर तुरंत भरोसा न करें
- लोगों की आवाज सिस्टम के द्वारा कॉपी की जाती है। ऑडियो फ्रॉड से बचने के लिए ऑडियो को ध्यान से सुनें।
- किसी अनजान नंबर से कॉल आई है और उसमें पहचान वाले व्यक्ति की आवाज सुनाई दे रही है या उसका वीडियो दिख रहा है तो उसकी बातों में आने के बजाय क्रॉस वैरीफाई करें।

**D. <u>पुलिस उपायुक्त, East District, Delhi के साथ बैठक :–</u>**

पेपर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमण्डल बुधवार दिनाँक 20–11–2024 को माननीया श्रीमती अपूर्वा गुप्ता, (DCP ईस्ट डिस्ट्रिक्ट दिल्ली) से उनके कार्यालय में मिले तथा उन्हें गाजीपुर पेपर मार्किट से सम्बन्धित समस्याओं जैसे पिछले दिनों में चोरी, अपराधिक एवं अतिक्रमण गतिविधियों के बढ़ने तथा गोदामों में आग लगने की घटनाओं से अवगत कराया।

**E. <u>दिल्ली में प्रदूषण के चलते GRAP-4 का अनुपालन करने के लिए जागरूक करना :–</u>**

सदस्यों को जागरूक किया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार फिर दिल्ली–एनसीआर में गंभीर वायू प्रदूषण उत्पन्न हो गया है। दुर्भाग्य से इसी समय, देश के उत्तर–पश्चिम राज्यों मे फसल अवशेष (पराली) जलाने से यह गंभीर वायु प्रदूषण, बहुत बड़ी आबादी के लिए गंभीर प्राण संकट बन जाता है। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश सरकारें तथा वायु गुणवता प्रबंधन आयोग, किसानों

पर जुर्माना लगाने, बायों–डीकपोडर से पराली गलाने, पराली से बायोईथनोल व बिजली बनाने जैसे प्रयास कर रहे हैं, जिनके अभी तक कोई सार्थक परिणाम देखने को नहीं मिले हैं।

यह प्रदूषण जन साधारण में खांसी, जुखाम, दमा, आँखों मे जलन, बच्चों के फेफड़ों को नुकसान एवं एलर्जी का मुख्य कारण हैं।

सभी सदस्यों से अनुरोध है किया गया कि सरकार द्वारा लगाऐ गए GRAP-4 का अनुपालन करें, बच्चों और बुर्जगों को घर में ही रखें, घर से बाहर जाते समय मास्क का उपयोग करें, अपने आस–पास पानी का छिड़काव करें, तथा स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या होने पर चिकित्सक से परामर्श लें।

**F.** कागज़ भवन एवं एसोसिएशन कार्यालय का नवीनीकरणः–

कागज़ भवन एवं एसोसिएशन कार्यालय का नवीनीकरण कराया गया। गणमान्य महानुभावों तथा सदस्यगणों ने कागज भवन व पीएमए कार्यालय के हो रहे नवीनीकरण कार्य का अवलोकन किया तथा भरपूर सराहना की।

**G.** गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजनः–

पेपर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 76वें गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय ध्वज बहुत ही जोश व अति श्रद्धा के साथ शुक्रवार, दिनाँक 24–01–2025 को एसोसिएशन के प्रांगण में फहराया गया। मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती सुलताना आबाद खॉन (पूर्व निगम पार्षद, दिल्ली सरकार) एवं समस्त एफपीटीए व पीएमए पूर्व प्रधानों व पीएमए पूर्व प्रधानों को अंगवस्त्र पहनाकर उनको सम्मानित किया गया। सभी गणमान्य महानुभावों ने उपस्थित जनसमूह के बीच राष्ट्रीय ध्वज फहराया तत्पश्चात् सामूहिक राष्ट्रीय गान के संगान के उपरांत सभी को हार्दिक शुभकामनाऐं संप्रेषित कीं। पूर्ण वातावरण तिरंगामय था और ''भारत माता की जय'' के उद्‌घोषों से गुंजायमान रहा। सभी उपस्थित जनों ने स्वादिष्ट जलपान का आनन्द लिया।

इस आयोजन में **"SAY NO TO PLASTIC"** स्लोगन का पालन करते हुए आयोजन में किसी भी प्रकार का प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की पूर्ण चेष्टा की गई।

**H.** निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य,नेत्र जाँच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविरः–

पेपर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में BLK-Max Super Speciality Hospital, Pusa Road, New Delhi, के मार्गदर्शन में निःशुल्क मल्टी–स्पेशिएलिटि स्वास्थ्य एवं नेत्र व मोतियाबिंद जाँच शिविर का आयोजन शनिवार, दिनाँक 22–02–2025 को एसोसिएशन के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर आयोजन का परंपरागत शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री दलीप बिन्दल (निवर्तमान प्रधान –एफ0 पी0 टी0 ए0 व – पूर्व प्रधान पी0 एम0 ए0) एवं डॉ. जय गोपाल शर्मा (Head Preventive Oncology BLK Max Hospital) ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सुशोभित किया।

शिविर में निःशुल्क नेत्र व मोतियाबिंद की जाँच, ह्रदय रोग की जाँर्च, हड्डियों की जाँच तथा कैंसर से बचाव की सलाह अनुभवी डॉक्टरों द्वारा दी गई। शिविर में ब्लड शूगर, ब्लड प्रेशर, ई0 सी0 जी0, Bone Mineral Desnsity, Prostate Specific Antigen आदि टेस्ट आधुनिक तकनीक से किए गए। शिविर मे लगभग

300 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया व लाभान्वित हुए। शिविर में आवश्यकता अनुसार मरीजों को निःशुल्क चश्में वितरित किए गए व Max Super Speciality Hospital, Panchsheel पर मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी करवाए गऐ।

I. <u>होली मंगल मिलन – 2025 :–</u>

एसोसिएशन के तत्वाधान में इस वर्ष होली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन बृहस्पतिवार, दिनाँक 13–03–2025 को शाह आडीटोरियम, गुजराती समाज में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा गुप्ता जी (मुख्यमंत्री दिल्ली) सम्मिलित हुई व अपने वक्तव्य द्वारा कागज व्यापारियों को अपने व्यापार क्षेत्र को Export के प्रति प्रेरित किया व आश्वासन दिया कि वे व्यापारियों के साथ सदैव हैं।

इस वर्ष विशेष रूप से वरिष्ठ सदस्यों (उम्र 80 वर्ष या अधिक) का सादर सम्मान किया गया ।

आप सभी का आभार एवं धन्यवाद

प्रमोद जैन

प्रमोद जैन
उपाध्यक्ष
फैडरेशन ऑफ पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशनस ऑफ इण्डिया